उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल
Institute for Excellence in Higher Education, Bhopal
College with Potential for Excellence Status Conferred by UGC

**Office** – Kaliasot Dam, Kolar Road, Bhopal- 16 Tele: (0755) 2492433, 2492460, Fax:(0755)2492492
E-mail: iehebhopal@mp.gov.in, Website: www.iehe.ac.in

क्र. 131/25-26 भोपाल, दिनांक : 20/10/2025

# //महत्वपूर्ण सूचना//

मध्यप्रदेश, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विरासत से विकास थीम के साथ प्रश्न–मंच प्रतियोगिता का आयोजन संस्थान के भारत ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ **"सांदीपनि कक्ष" में बुधवार दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 को** प्रातः **11.00 बजे** से आयोजित किया जा रहा है। **"अभ्युदय मध्यप्रदेश"** नामक यह आयोजन विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश की समृद्धि, ऐतिहासिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक विरासत से संबंधित जानकारी पर आयोजित होगा। इस प्रश्न–मंच प्रतियोगिता में संस्थान के किसी भी कक्षा के विद्यार्थी सहभागिता कर सकते हैं जिसके लिए किसी प्रकार का कोई भी शुल्क देय नहीं होगा। प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु पृथक से गूगल फार्म वाला क्यू.आर. कोड विद्यार्थियों के साथ साझा किया जा रहा है। विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे इस मध्यप्रदेश केन्द्रित सामान्य ज्ञान प्रतियोगता में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता करें। समस्त प्रतिभागियों को सहभागिता हेतु प्रमाण–पत्र एवं विजेताओं को प्रमाण–पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

इस संबंध में किसी अन्य जानकारी के लिए विद्यार्थी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. प्रज्ञा गुप्ता नायक से स्वामी विवेकानंद केन्द्रीय पुस्तकालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

**(डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल)**
प्रभारी संचालक
Director
Institute for Excellence In Higher Education Bhopal (M.P.)

प.क्रमाक 131/25-26 भोपाल, दिनांक ..........

**प्रतिलिपि :**

1. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, भोपाल–नर्मदापुरम् संभाग, शास.एम.व्ही.एम. महाविद्यालय परिसर, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. डॉ. धीरेन्द्र शुक्ल, वि.क.अ., उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. डॉ. प्रज्ञा गुप्ता नायक, संयोजक, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, उ.शि.उ.सं. भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
4. आयोजन समिति, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, उ.शि.उ.सं. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. नोडल अधिकारी, आई.टी. सेल, उ.शि.उ.सं. भोपाल की ओर वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

प्रभारी संचालक
Director
Institute for Excellence In Higher Education Bhopal (M.P.)

D:\PA Room Deta 3-7-22\PA 23-09-21\Notice\PAID Notice.docx